विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण

नैनीताल जागरण
4 | दैनिक जागरण हल्द्वानी , 3 नवंबर 2011

हिमालयी राज्यों के लिए बेहतर है सोलर वाटर हीटर

सेमिनार में मंचासीन ऊर्जा मंत्रालय व उरेडा अधिकारी। जागरण

- जागरूकता सेमिनार में बोले वैकल्पिक ऊर्जा विशेषज्ञ

नैनीताल: ऊर्जा की बढ़ती खपत को देखते हुए केंद्र सरकार वैकल्पिक ऊर्जा को प्रोत्साहित कर रही है। वैकल्पिक ऊर्जा उपकरणों की खरीद में 60 प्रतिशत तक सब्सिडी दे रही है। देश के हिमालयी राज्यों में ठंड के प्रकोप से बचाव के लिए बढ़ रही ऊर्जा की खपत कम करने में सोलर वाटर हीटर बेहद उपयोगी साबित हो सकता है। मंत्रालय की मंशा है होटलों, सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों, गेस्ट हाउसों में अधिक मात्रा में सोलर वाटर हीटर लगाए जाएं।

यह विचार वैकल्पिक ऊर्जा मंत्रालय के निदेशक डा.आरपी गोस्वामी ने सोलर वाटर हीटर पर आयोजित जागरूकता सेमिनार में व्यक्त किए। बुधवार को नैनी रिट्रीट में उरेडा तथा जीकेएस व स्केल संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेमिनार में उन्होंने कहा सोलर वाटर हीटर सालभर में दो हजार यूनिट तक ऊर्जा बचत कर सकता है। केंद्र सरकार इस उपकरण को लगाने में व्यक्तिगत उपयोग के लिए 60 प्रतिशत तथा व्यावसायिक उपयोग में 30 प्रतिशत सब्सिडी देती है। जवाहर लाल नेहरू नेशनल सोलर मिशन के तहत 2022 तक 20 मिलियन वर्ग मीटर में वाटर सोलर हीटर लगाने का लक्ष्य है। उरेडा के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी एलडी शर्मा ने कहा राज्य सरकार 100 ली.सोलर वाटर हीटर स्थापित करने पर बिजली के बिल में सौ रुपए की छूट दे रही है। इस अवसर पर जीकेएस के निदेशक डा.समीर मैथल, नाबार्ड के जीएम पीके मिश्र ने विचार रखे। स्केल संस्था के सचिव अरुण सिन्हा ने अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में डा.अजय रावत, प्रवीण शर्मा, विशाल खन्ना, राजेश साह, अक्षय साह, कमल त्रिपाठी, जीएल साह, अंकित चौहान, दीपक खोलिया, एमसी मठपाल, अनिल आजाद, विजयपाल सिंह, संगीत शर्मा, आशुतोष परमार, एसएस चौधरी, केसी अग्रवाल, गीता पांडे, बीपी लोहनी, रश्मि सिन्हा, सविता अनंत समेत कई प्रतिभागी मौजूद थे।